# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{24 आषाढ़ 1936 (श0)}}{\text{15 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 76**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग .. .. | 24 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग .. .. | 24 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग .. .. | 08 |
| (4) | परिवहन विभाग .. .. | 01 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग .. .. | 02 |
| (6) | उच्च शिक्षा विभाग .. .. | 04 |
| (7) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग .. .. | 03 |
| (8) | समाज कल्याण विभाग .. .. | 07 |
| (9) | निबंधन विभाग .. .. | 02 |
| (10) | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग .. .. | 01 |
| | कुल योग — | 76 |

## उत्क्रमित करना

*738. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के मोबुर पंचायत में स्थित सेमरा मध्य विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की संख्या 600-700 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं की उच्च शिक्षा अध्ययन करने के लिये 4-5 कि०मी० दूरी तय कर सासाराम शहर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेमरा मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## निर्माण करना

*739. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत बौलिया ग्राम पंचायत के बौलिया नयाटोला वार्ड संख्या 16 में कार्तिक सहनी के दरवाजे पर आँगनबाड़ी केन्द्र 5 वर्ष से चल रहा था, अब सेविका पूनम देवी के घर पर चलता है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्व स्थान पर आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## कार्रवाई करना

*740. श्रीमती पूनम देवी यादव --स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''10 वर्षों से अधूरा है प्राथमिक विद्यालय भवन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड के सहसी पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, डिहूलिया मकतब के दो वर्ग कक्ष के भवन का निर्माण कार्य दस वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2003-04 में पंचायत समिति सदस्य फंड से विद्यालय परिसर में दो वर्ग कक्ष के लिये भवन निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो आज भी अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरा वर्ग कक्ष का निर्माण कराते हुये निर्माण कार्य में विलम्ब के लिये जवाबदेह पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## जाँच कराना

*741. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 23 एवं 24 जून, 2014 को [redacted] समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार " Headmasters build private homes with SSA funds" और "Fifty-four School Head master suspended for misusing funds" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में विद्यालय भवन तथा क्लास रूम बनाने हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजना सर्व-शिक्षा-अभियान के तहत् विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को 5 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधानाध्यापकों ने प्राप्त राशि से कैमूर जिला मुख्यालय में अपने निजी मकान बनवा लिये जिसे जाँच के क्रम में कैमूर जिलाधिकारी ने उजागर करके उन्हें निलंबित किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के अन्य जिलों में सर्व-शिक्षा अभियान के तहत प्रधानाध्यापकों को दी गयी राशि की उपयोगिता की जाँच, संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा अभीतक नहीं करवाने का क्या कारण है ?

---

उपलब्ध कराना

*742. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा में बहुत पुराना निबंधन कार्यालय है, जहाँ से सरकार को करोड़ों का आय प्राप्त होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि निबंधन कार्यालय का भवन बहुत ही जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोसड़ा निबंधन कार्यालय को भवन उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारम्भ करना

*743. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के केसरिया प्रखण्ड में 148 आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे हैं, जिसमें अभीतक मात्र 14 केन्द्रों पर ही स्थायी भवन का निर्माण हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेष आँगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*744. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार मंत्री परिषद् ने अगस्त, 2013 में राज्य के मदरसा शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को छठा वेतनमान देने का निर्णय लिया था;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन कर्मियों को छठा वेतनमान का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध करना

*745. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 मार्च, 2014 के अंक में छपी खबर ''कबाड़ में फेंक दीं किताबें'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 सत्र का मुफ्त पाठ्य-पुस्तक छात्र-छात्राओं को जून, 2014 तक प्राप्त नहीं होने से सत्र की पढ़ाई दो माह के बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में बिहार राज्य टेस्टबुक पब्लिसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड में पुस्तकों की छपाई के लिये अपनी प्रेस है फिर भी पाठ्य-पुस्तकों की छपाई बाहर के प्रेसों से की जाती है;

(3) क्या यह बात सही है कि बाहर के प्रेसों से छपाई कराने के कारण प्रतिवर्ष राज्य सरकार का 300 करोड़ रुपये का अनावश्यक अपव्यय होता है और छात्रों को समय पर पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पाठ्य-पुस्तकों की छपायी निगम के प्रेस से कराने और छात्रों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*746. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत तोल में एक भी उच्च (मा०) विद्यालय नहीं है, मात्र एक मध्य विद्यालय है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तोल मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*747. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर ने अपने पत्रांक 199, दिनांक 4 अक्टूबर, 2013 द्वारा कल्याणपुर प्रखण्ड के अंतर्गत रतवारा पंचायत में मध्य विद्यालय, रतवारा उर्दू को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के संबंध में राज्य परियोजना निदेशक, बिहार माध्यमिक शिक्षा परिषद्, पटना को पत्र लिखा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक (मा०शि०) के ज्ञापांक 1508, दिनांक 9 अक्टूबर, 2013 द्वारा जिले के 27 मध्य विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित किया है, परन्तु उक्त पत्र के क्रमांक 23 यू०एम०एस० रतवारा उर्दू को आजतक माध्यमिक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

उत्क्रमित करना

*748. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड में मध्य विद्यालय, गोपालपुर के तीन कि०मी० के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, गोपालपुर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु सभी अर्हता पूर्ण करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*749. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक मात्र हथुआ शराब मिल वर्ष 15 अगस्त, 2002 से बन्द है तथा मजदूरों का वेतन भी बकाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मिल के बंद हो जाने के कारण मजदूरों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मिल के मजदूरों के बकाया वेतन का भुगतान कराते हुये मिल को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रारंभ करना

*750. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखण्ड अन्तर्गत बलिहारी उच्च विद्यालय, सीहो सभी आधारभूत संसाधनों के साथ प्लस टू में उत्क्रमित हुआ, परन्तु शिक्षकों के अभाव में पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्लस टू विद्यालय में शिक्षकों का पदस्थापन कर पठन-पाठन प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपाय करना

*751 श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक '' एक लाख बच्चों के टोलों में स्कूल नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 1,896 टोलों में एक किलो मीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें दो से तीन किलो मीटर दूर शिक्षा अध्ययन हेतु आना-जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2,974 टोलों का बसावट ऐसे हैं जहाँ तीन कि०मी० के दायरे में मध्य विद्यालय नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में शिक्षा विभाग के सर्वे के अनुसार टोले या बसावट के समीप स्कूल नहीं होने के कारण राज्य में एक लाख बच्चे दूसरी जगह पढ़ने को मजबूर हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के बच्चों के हित में कबतक इस संबंध में ठोस उपाय करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*752. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखण्ड के भरौधा उच्च विद्यालय एवं गुरूआ उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं को टहलने के कारण पठन-पाठन में काफी असुविधा होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों उच्च विद्यालय में चहारदीवारी के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*753. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत, रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ गाँव में एक मध्य विद्यालय है, इसके उत्तर में 10 कि०मी० लखीसराय, दक्षिण में 05 कि०मी० कैन्दी उच्च विद्यालय, पूर्व में 05 कि०मी० तेतरहट उच्च विद्यालय तथा पश्चिम में 05 कि०मी० परसामा उच्च विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव से छात्र-छात्राओं को कम-से-कम 05 कि०मी० दूर उच्च विद्यालय जाना पड़ता है, जिसके कारण यहाँ की अधिकांश छात्राओं मिडिल पासकर पढ़ना छोड़ देती हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, रामगढ़ को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बसों का परिचालन

*754. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड से भाया शंकरपुर प्रखंड सिहेश्वर स्थान होते हुए पटना तक परिवहन बस की सुविधा नहीं होने के कारण जनता को बड़ी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुमार खंड, शंकरपुर सिहेश्वर से पटना तक परिवहन निगम के बसों का परिचालन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*755. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे छात्राएँ को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है,, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

महाविद्यालय खोलना

*756. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में महाविद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्र/छात्राओं एवं महादलित के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड से महाविद्यालय की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है, जिसके कारण 70 प्रतिशत छात्र/छात्राएँ शिक्षा से वंचित रह जाते हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखंड में महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*757. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के नलहरिया पंचायत में स्थित नया प्रा० विद्यालय चौधरी चकला में दो कमरा का निर्माण दिसम्बर, 2013 में कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में कमरा निर्माण के बाद से ही कमरे के छत से पानी का रिसाव हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

ऊँचा कराना

*758. श्री (डॉ०) दाउद अली--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करें कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत चौगाई प्रखंड के मध्य विद्यालय, लक्ष्मीपुर चौगाई चहारदीवारी बहुत नीचा है जिस कारण जानवर विद्यालय प्रांगण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे अध्य

छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में उक्त विद्यालय का चहारदीवारी ऊँचा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*759. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत 30 बेलसंड प्रखंड के जाफरपुर पंचायत में मदरसा इस्लामियाँ, अरबिया, मिस बाईल उलुम एवं सौली रूपौली पंचायत के ग्राम सौली में मदरसा मनीलीउर है, जिसमें लगभग 400 से 500 छात्र-छात्रायें पठन-पाठन करते हैं जहाँ शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों मदरसों में भवन की कमी के कारण खुले आकाश में छात्र-छात्रायें पठन-पाठन करने को मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों मदरसों में अतिरिक्त भवन के साथ-साथ शौचालय का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्त करना

*760. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 अक्टूबर, 2012 को छपी खबर शीर्षक ''अम्बेदकर स्कूल में शिक्षकों को टोटा'' के आलोक में क्या मंत्री, अनु० जाति/अनु० जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के अन्तर्गत रोसड़ा में अवस्थित रा० अम्बेदकर आवासीय विद्यालय में 17 शिक्षकों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र 04 शिक्षक हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि रा० अम्बेदकर बालिका आवासीय उच्च विद्यालय, समस्तीपुर में छात्र/छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की संख्या काफी कम है जिसका प्रतिकूल प्रभाव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवासीय विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षक व अन्य कर्मी नियुक्त करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्गत करना

*761. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1995 में बिहार सरकार द्वारा विश्वविद्यालय एवं कॉलेज शिक्षकों के लिए मेधा प्रोन्नति योजना लागू किया गया था और इसके तहत लेक्चरर से रीडर एवं रीडर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति दी जाती रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि मेधा प्रोन्नति के तहत प्रोन्नति प्राप्त करने वाले शिक्षकों को विधिवत विश्वविद्यालय सेवा आयोग/ चयन समिति ने स्वीकृति प्रदान की है तथा विश्वविद्यालनय के सिन्डीकेट ने पदोन्नति देकर वेतन भुगतान किया;

(3) क्या यह बात सही है कि [illegible] विभाग का वेतन सत्यापन कोषांग मेधा प्रोन्नति योजना के तहत प्रोफेसर में पदोन्नति पर प्रश्न खड़ा कर रहा है जबकि प्रोन्नति का प्रावधान स्टेच्यूट ने दे रखा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेधा प्रोन्नति के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना (1995 में) को अक्षरशः लागू करने के लिए वेतन सत्यापन कोषांग का आदेश निर्गत करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*762. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मझियावां पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गम्हरिया का भवन निर्माण कार्य विगत पाँच वर्षों से अधूरा है जिससे बच्चों के पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन निर्माण का कार्य कराने वाली प्रभारी शिक्षिका का स्थानान्तरण दूसरे विद्यालय में हो गया है तथा उन्होंने किसी दूसरे शिक्षक को अपना प्रभार नहीं दिया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरे भवन का निर्माण कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*763. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 24 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''इन्टर स्क्रूटनी को नहीं मिल रहे शिक्षक'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में एक लाख से अधिक आवेदन स्क्रूटनी के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में पड़े हुये हैं, लेकिन परीक्षा समिति को शिक्षक ही नहीं मिल रहे हैं, जिससे सामान्य छात्रों को आवेदनों की स्क्रूटनी अभीतक शुरू नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा छात्र-छात्राओं के हित में इन्टर स्क्रूटनी हेतु कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*764. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 1 मई, 2014 एवं 15 मई, 2014 के छपे समाचार-पत्र के शीर्षक ''ट्यूशन फीस के नाम पर लूट एवं ट्यूशन या एग्जाम के अलावा बर्थ-डे और कार्यक्रमों के नाम पर वसूलते हैं पैसे'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के प्राइवेट स्कूल बिल्डिंग चार्ज, बर्थ-डे, खेल-कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम, प्रोजेक्ट वर्क के रूप में विद्यार्थियों से फीस लेते हैं, जो शिक्षा विभाग के गाईड लाइन के विरुद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि संत जोसेफ कॉन्वेंट, रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा निकेतन, नॉट्रेडम तथा डॉन बॉस्को विद्यालयों द्वारा पाँच वर्ष पूर्व की अपेक्षा वर्ष 2014-15 में दोगुना फीस लेते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना स्थित प्राइवेट स्कूलों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

------------

जाँच कराना

*765. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पोठया प्रखंड के फाला पं0 कन्या म0 वि0, गिल्लाहबाड़ी को वर्ष 2013-14 उत्क्रमित उ0 वि0 में बदला गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक 212, दिनांक 11 जून, 2014 के आलोक में नवम वर्ग में नामांकन का आदेश भी किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त उत्क्रमित उ0 वि0 में नवम वर्ग का नामांकन शुरू नहीं हुआ इसका क्या कारण है;

(4) क्या सरकार उक्त उ0 वि0 के नामांकन नहीं होने के कारणों की जाँच कराने की मंशा रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रोक हटाना

*766. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों के लिये पूर्णकालिक शिक्षिका, वार्डन एवं लेखापाल की नियुक्ति हेतु मेधा सूची के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सूची जनवरी, 2013 को राज्य परियोजना पदाधिकारी, बिहार सरकार को प्रेषित की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य परियोजना निदेशक ने पत्रांक 1081, दिनांक 22 फरवरी, 2013 द्वारा नियुक्ति पर रोक लगा दी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नियुक्ति पर लगी रोक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चालू करना

*767. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार राज्य में महादलितों के बीच ''बाल हितैषी'' का कार्यक्रम चलाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में रहने वाले अनु0 जनजाति की स्थिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा के मामले में महादलित से भी नीचले पायदान पर है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुसूचित जनजाति के बीच भी ''बाल हितैषी'' योजना चालू कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

केन्द्र बनवाना

*768. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है, जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला के तरैया प्रखण्ड में कला एवं संस्कृति केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उपलब्ध कराना

*769. डॉ0 प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''न लकड़ी मिली, न वुडेन डेक बना'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चिड़िया घर, पटना के झील को आकर्षक बनाने के लिये उद्यान प्रशासन 40 फीट लम्बा वुडेन डेक बनाने की योजना बनाई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना को 2013 जून तक तैयार कर दर्शकों के लिये उपलब्ध कराना था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को पूर्ण कर दर्शकों के लिये उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र खोलना

*770. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं रहने से इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति से संबंधित ज्ञान प्राप्ति में गरीब छात्रों को काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र बनवाकर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*771. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के धनकाढ़ा पंचायत के ग्राम कंचनपुर मध्य विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की संख्या लगभग 400-500 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय् के छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा अध्ययन करने के लिये 5 कि०मी० दुर धौडाड़ उच्च विद्यालय या सासाराम नगर में जाना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कंचनपुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रभार दिलाना

*772. श्रीमती आशा देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के घैलाढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत नव-सृजित प्राथमिक विद्यालय, गोढ़यारी टोला, भान पंचायत में दूसरे विद्यालय के नियोजित शिक्षक प्रधानाध्यापक के प्रभार में प्रतिनियुक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि नव-सृजित प्राथमिक विद्यालय, गोढ़यारी टोला, भान में एक वर्ष पूर्व ही स्थाई शिक्षक की नियुक्ति हो चुकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उस (मूल) विद्यालय के स्थाई शिक्षक को प्रधानाध्यापक का प्रभार दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*773. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय ''पप्पु''—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने प्रत्येक पंचायत में एक उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखण्ड के संगवाडीह, बरारा, महुआवाँ, अमेयाँ सहित दर्जनों पंचायत में अबतक उच्च विद्यालय नहीं खोले गये, जिस कारण बच्चों को 10-15 कि०मी० की दूरी तयकर उच्च विद्यालय जाना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के सभी पंचायतों में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वितरण करना

*774. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोरसंडा एवं भलहरिया पंचायत के नया प्रा० विद्यालय, चौधरी कला में मध्या० भोजन एवं छात्रवृति का वितरण नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये मध्याह्न भोजन एवं छात्रवृत्ति का वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*775. श्री रामचंद्र सदा—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला महादलितों एवं अतिपिछड़ा बाहुल्य जिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/जनजाति के बालिकाओं में शिक्षा दर वृद्धि के लिये सरकार आवासीय बालिका उच्च विद्यालय खोलने के लिये योजना बनाई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिला में अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*776. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखण्ड के ग्राम पंचायत फरका बुजुर्ग के ग्राम जोबकला में लगभग 100 घर महादलित परिवार के लोग रहते हैं, किन्तु उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के बच्चों को पढ़ाई करने के लिये तीन किलो मीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित ग्राम में इसी वित्तीय वर्ष में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*777. श्री (डॉ०) दाउद अली—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, सिकरौल में दो चापाकल में वर्षों से गंदा पानी निकलती है, जिससे बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के बच्चे भीषण गर्मी में दूर अन्यत्र जाकर पेयजल की व्यवस्था करते हैं जिससे बच्चों को पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में दोनों चापाकल के बदले दूसरा नया चापाकल विद्यालय प्रांगण में स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रबंध करना

*778. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 27 फरवरी, 2013 में छपी खबर '' जिले के 40 हजार बच्चे पढ़ रहे आकाश के नीचे'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभिन्न गाँवों में अवस्थित प्राईमरी स्कूलों में 620 भवनहीन एवं 269 स्कूलों के पास जमीन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है भवन/जमीन नहीं रहने से छात्रों के पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमिहीन विद्यालयों के लिये भूमि अधिग्रहण कर विद्यालय भवन निर्माण एवं भवनहीन विद्यालयों के लिये भवन व अन्य सामग्री का प्रबंध करने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*779. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड नं० 10 ग्राम बरखन्धा में प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर विद्यालय जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बरखन्धा में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*780. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड स्थित +2 उच्च विद्यालय सझुआर +2 उच्च विद्यालय, नवादा, बिरौल प्रखण्ड के +2 उच्च विद्यालय, बन्दा एवं +2 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, बैरमपुर में चहारदीवारी नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

मानदेय बढ़ाना

*781. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका तथा सहायिका का मानदेय क्रमशः 2500 एवं 1500 है;

(2) क्या यह बात सही है कि कम मानदेय मिलने से इन कर्मियों को परिवार चलाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन कर्मियों का मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## कार्यालय खोलना

*782. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, निबंधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पानापुर प्रखंड अन्तर्गत जमीन निबंधन हेतु निबंधन कार्यालय नहीं खुला है, जिससे वहाँ की जनता को जमीन रजिस्ट्री कराने हेतु 10 कि०मी० दूर मशरक जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## प्रक्रिया अपनाना

*783. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा अन्तर्गत अंगीभूत एवं प्रस्वीकृत महाविद्यालयों में इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी०एड० में नामांकन आदेश आरक्षण, रोस्टर, नियमावली, 13 के कार्यान्वित होने के बावजूद वर्ष 2013 से अबतक उक्त नियमावली को दरकिनार कर नामांकन किये जाने से आरक्षित कोटि के उम्मीदवार नामांकित नहीं होने से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नियमावली के अन्तर्गत वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया अपनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*784. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर हुसैनगंज सहित सम्पूर्ण जिलों में वृद्धावस्था पेंशन पिछले 27 माह से नहीं किया गया है, जिससे लाभुकों के बीच भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अभीतक पेंशन नहीं बाँटने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध जाँच कर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण करना

*785. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के वार्ड 4, जूरन-छपरा स्थित राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं की संख्या 541 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में कमरों की संख्या मात्र 5 है, जो छात्राओं की संख्या के अनुपात में बहुत कम है, जिससे छात्रायें जमीन पर बैठकर पठन-पाठन का कार्य करती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अविलम्ब 5 कमरा निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*786. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखंड अन्तर्गत करियन्ना ग्राम की आबादी सात हजार, ग्राम पंचायत का मुख्यालय, राजस्व ग्राम, पक्की सड़क युक्त ग्राम है, जहाँ मध्य विद्यालय एवं मदरसा चल रहा है, जिसमें छात्रों की संख्या 897, वर्ग 8 में 67 एवं विद्यालय को चार एकड़ सत्तर डी0 जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्न खंड (1) में अंकित बातों की जाँचकर अंचलाधिकारी सिलाव ने पत्रांक 1202, दिनांक 15 अक्टूबर, 2013 द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्ता, राजगीर को प्रतिवेदन दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय करियन्ना को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं कर पदाधिकारियों ने नियमों की उपेक्षा कर प्रा0वि0, जयकिशुन विद्या को उत्क्रमित कर दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम विरुद्ध किये गये उत्क्रमित विद्यालय, जयकिशुन विद्या का रद्द करते हुये करियन्ना मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सुधार करना

*787. श्री (डॉ0) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''बायोकेमेस्ट्री के प्रोफेसर को बना डाला लाइब्रेरियन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी राज्य की सबसे सम्पन्न लाईब्रेरी है जहाँ विगत 10 वर्षों से लाइब्रेरी साइंस के एक्सपर्ट के बगैर चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले 10 वर्षों से यहां लाइब्रेरियन का पद कामचलाऊ व्यवस्था के तहत् प्राध्यापकों के जिम्मे है तथा सम्प्रति बायोकेमेस्ट्री के प्रोफेसर से प्रोफेसर इन्चार्ज बनाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि असिस्टेंट लाइब्रेरियन के सातों पद विगत 10 वर्षों से रिक्त पड़े हैं तथा सार्टर 11 पद की जगह मात्र छः ही है जिससे तीन लाख से ज्यादा दुर्लभ पुस्तकों की सही व्यवस्था नहीं की जा रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने तथा व्यवस्था में सुधार करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-------

भुगतान करना

*788. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ के पत्रांक 2105, दिनांक 13 जून, 2013 द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय, चंडी में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिकाओं को अनुशासनहीनता के कारण अगले आदेश तक मानदेय का भुगतान स्थगित कर दिया गया था किन्तु बाल विकास परियोजना पदा0, चंडी द्वारा उक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं को मानदेय का भुगतान कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

स्थापना करना

*789. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत भेड़मारा ग्राम पंचायत के बलवातुरी टोला में आँगनबाड़ी केन्द्र सं0 34, वार्ड सं0 8 में 2012 से कार्यरत था, वह केन्द्र

जनवरी, 2014 में वार्ड सं0 6 में स्थानान्तरित हो गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार वार्ड सं0 8 में आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*790. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के विशुनपुर बासुदेव उच्च विद्यालय में 1,000 से अधिक छात्र-छात्राएँ पठन-पाठन करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के 8 कि0मी0 के दायरे में कोई 10+2 विद्यालय नही है जिससे छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विशुनपुर उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*791. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि महादलित टोलों में जहाँ से पहले से सामुदायिक भवन (वर्क शेड) नहीं है, वहाँ सामुदायिक भवन (वर्क शेड) का निर्माण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड एवं पंचदेवरी प्रखण्ड के महादलित टोलों में एक भी सामुदायिक भवन (वर्क शेड) नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के महादलित टोलों में सामुदायिक भवन (वर्क शेड) बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*792. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के सुदूर इलाका में राजकीयकृत सिंह निषाद उच्च विद्यालय, चमथा को राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में उत्क्रमित कर +2 कर दिया गया, जहाँ छात्र/छात्राओं की संख्या 800 है परन्तु विद्यालय में भवन नहीं रहने के कारण पठन-पाठन प्रारम्भ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराकर पठन-पाठन प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण करना

*793. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परसा (मलकौनीया) में वर्ष 2003 में सांसद निधि से दो कमरे के भवन निर्माण का स्वीकृति हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा भवन निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है तथा अभी छत ढलाई एवं फिनि[illegible] कार्य बाकी है जिससे भवन का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परसा के अधूरे भवन का निर्माण सर्व-शिक्षा अभियान के अंतर्गत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमण करना

*794. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत विशनपुर उर्दू मध्य विद्यालय संचालित है जो साधन सम्पन्न एवं मुख्य मार्ग पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 5 किलोमीटर की परिधि में कोई भी उर्दू उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु उर्दू मध्य विद्यालय बिशनपुर को उर्दू उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*795. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक पंचायत में जहाँ उच्च विद्यालय नहीं है वहाँ मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में 62 मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी 28 पंचायतों का प्रखंड है जिसमें एक भी मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया गया है जबकि दर्जनों स्कूल उच्च विद्यालय बनने की अर्हता पूरी करता है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिस्फी प्रखंड में भी मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*796. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी0पी0एल कार्ड धारक व्यक्ति की प्राकृतिक मौत होने की स्थिति में उसके आश्रित को दस हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज प्रखंड के चिकसी ग्राम के मो0 अकील (बी0पी0एल0 क्रमांक-579/9) तथा सलीम उर्फ नाथुन (बी0पी0एल0 क्रमांक-65/06) की मृत्यु क्रमश: 1 अक्टूबर, 2010 तथा 1 जनवरी, 2011 को होने के पश्चात इनके आश्रितों के लिये दस हजार रुपये मुआवजा देने की स्वीकृति अनुमंडलाधिकारी, पालीगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में देने के बावजूद उन्हें अबतक यह नहीं मिल सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मृतकों के आश्रितों, को उक्त मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*797. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान-सभा क्षेत्र के ससमौल पंचायत के देवहट महादलित बस्ती जिसकी आबादी 500 परिवारों की है वहाँ एक भी विद्यालय नहीं है

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के अभाव में महादलित परिवारों के बच्चे पठन-पाठन से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में विद्यालय खोलकर तथा शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर पठन-पाठन प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*798. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने प्रत्येक पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी नवहट्टा एवं सतर कटैया प्रखंडों के पंचायतों में वर्ष 2013-14 में एक भी उच्च विद्यालय खोलने के दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के पंचायतों में उच्च विद्यालय खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*799. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत इसलामियाँ उच्च विद्यालय, सिमरी बख्तियारपुर में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का 70/80 वर्ष पुराना सात कमरे का खपड़ैल भवन है, जो क्षतिग्रस्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत उपरोक्त विद्यालय में भवन एवं छात्रवास निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*800. श्री संजय सरावगी--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जून, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''अधिकांश निजी स्कूलों में नहीं हो रहा नर्सरी में निःशुल्क नामांकन'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत सभी निजी स्कूलों में नर्सरी वर्ग में नामांकित छात्रों के अनुपात में बी0पी0एल0 कोटि के 25 प्रतिशत छात्रों का निःशुल्क नामांकन लेने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला निजी स्कूलों में पिछले तीन साल में उपरोक्त प्रावधान के तहत मात्र 620 बच्चों का निःशुल्क नामांकन हुआ है जबकि नर्सरी में नामांकित कुल छात्रों की संख्या 1 लाख 20 हजार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिन बच्चों का स्कूलों में निःशुल्क नामांकन लिया गया उसका भुगतान भी शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामलों की गहन समीक्षा कर बी0पी0एल0 कोटि के बच्चों को निःशुल्क नामांकन, निजी विद्यालयों का बकाया भुगतान नामांकन नहीं लेनेवाले दोषी विद्यालयों एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*801. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखण्ड के फरका बुजुर्ग पंचायत के ग्राम-पहवा, जोगनी महादलित टोला में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण स्थानीय बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के बच्चों को लगभग दो किलो मीटर पैदल जाना पड़ता है जिसके कारण बरसात के दिनों में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरण करना

*802. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के बाहर उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 में आवेदन देने की तिथि आजतक प्रकाशित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के बाहर उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का आवेदन लेकर छात्रवृत्ति वितरण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*803. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान-सभा के दलित एवं महादलितों को 3 डीसमील जमीन का पर्चा उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विशेष अभियान चलाकर जमीन का पर्चा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*804. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत कल्याणपुर प्रखंड के पंचायत बरहेता, बेलसंडी एवं पुरूषोत्तमपुर स्थित क्रमशः मध्य विद्यालय, बरहेता, म0 वि0, बेलसंडी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पुरूषोत्तमपुर में छात्रों की संख्या क्रमशः 600, 550 एवं 500 है, किन्तु उक्त संख्या के अनुपात में बेंच एवं डेक्स नहीं है, जिससे उन्हें भूमि पर बैठकर पढ़ाई करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में बेंच व डेक्स की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वृक्ष लगाना

*805. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर से खरसौता तक जानेवाली 14 कि0 मी0 सड़क के दोनों ओर छायादार वृक्ष नहीं रहने के कारण राहगीरों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क के किनारे छायादार वृक्ष लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अपग्रेड करना

*806. डॉ0 प्रेम कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मसौढ़ी अंचल के कराय पंचायत के कराय ग्राम में राजकीय मध्य विद्यालय, कराय के पास 5-7 एकड़ गोलहा मालिक गैर-मजरूआ भूमि है और उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की सारी अर्हताएँ पूरी करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय मध्य विद्यालय, कराय के सात कि0 मी0 के अन्दर कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय मध्य विद्यालय, कराय को अपग्रेड करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विचार करना

*807. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत वर्ष 2005 तक जिन जनजातियों एवं वनवासियों का वन भूमि पर जोत आबाद एवं दखल रहा है उन्हें जमीन का उक्त अधिनियम के तहत उपलब्ध कराये जायेंगे, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुसूचित जनजाति के लोगों को वन भूमि का पट्टा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*808. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में ही सरकार ने राज्य के प्रत्येक पंचायत में एक-एक खेल का मैदान बनाने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक सरकार द्वारा राज्य के एक भी पंचायत में खेल के मैदान का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में लिये गये निर्णय का अनुपालन करते हुये विलम्ब के विरुद्ध दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*809. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत श्री गिरीन्द्र नारायण उच्च विद्यालय, चन्दनपट्टी प्लस टू में उत्क्रमित हो चुका है, परन्तु आधारभूत संसाधनों के अभाव में पठन-पाठन प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्लस टू विद्यालय में संसाधन उपलब्ध कराकर पठन-पाठन प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

पूर्ण करना

*810. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के मुंगेर विधान-सभा क्षेत्र में +2 उच्च विद्यालय, दुर्गा संस्था उच्च विद्यालय, +2 उपेन्द्र ट्रेनिंग उच्च विद्यालय, संदलपुर +2 उच्च विद्यालय, फिलिप्स +2 उच्च विद्यालय, बरियारपुर, नन्द कुमार +2 उच्च विद्यालय, वासुदेवपुर, चन्द्रशेखर +2 बालिका उच्च विद्यालय, वासुदेवपुर का उत्क्रमण के पश्चात् भवन निर्माण हेतु कार्यारम्भ विगत 4 वर्ष पूर्व ही हुआ था, जो आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

निर्माण करना

*811. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के शिक्षा विभाग का जिलास्तरीय कार्यालय किरायों के मकानों में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग की अपनी सरकारी जमीन पुलिस कॉलोनी महादेव मन्दिर के पूरब, वार्ड 17, सुरतगंज, मधुबनी में अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी भूमि पर शिक्षा विभाग का कार्यालय भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*812. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय में प्रबंध समिति का गठन विगत वर्ष 2005 से की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समिति में स्थानीय विधायक ही अध्यक्ष होते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अन्तर्गत आवासीय विद्यालय, जानकी नगर, आवासीय विद्यालय, बुढ़िया एवं अन्य विद्यालयों में विगत 5 वर्षों से समिति के गठन होने के बाद भी बैठक नहीं हुई है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय में बैठक नहीं होने का क्या औचित्य है एवं बैठक नहीं कराने वाले पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

भुगतान करना

*813. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 की जनवरी-फरवरी में कैम्पों के जरिये नियुक्त करीब 25,000 प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को अबतक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान कबतक करने का विचार रखती है ?

हरे राम मुखिया,<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान-सभा

पटना :<br>दिनांक 15 जुलाई, 2014 (ई0)।

------

बि0स0मु0 (एल0ए0), 61 डी0टी0पी0-450